अमेरिका की कंपनी बनाएगी आठ किलोमीटर लंबा कॉरिडोर

हाईटेक सिटी में बनेगा शहर का पहला बीआरटी कॉरिडोर

अमर उजाला ब्यूरो

गाजियाबाद। एनएच 24 पर बसने वाली हाईटेक सिटी को विश्वस्तरीय परिवहन सुविधा देने के लिए बीआरटी कॉरिडोर बनाने की तैयारी हो गई है। आठ किलोमीटर लंबे कॉरिडोर का निर्माण अमेरिकी कंपनी करेगी।

एनएच-24 के किनारे करीब साढ़े चार हजार एकड़ में बसने वाली हाईटेक सिटी के लिए 19 गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया गया है। हाईटेक सिटी के रूप में यह गाजियाबाद में बसने वाला दूसरा शहर होगा। आने वाले 5 से 10 वर्षों में यहां लाखों की आबादी निवास करेगी। बिजली, पानी, सुरक्षा, मनोरंजन, आधुनिक शैली के भवनों के साथ ही यहां आधुनिक सुविधाओं का भी समावेश होगा। बीआरटी कॉरिडोर भी इसी का एक हिस्सा है।

हाईटेक सिटी के निदेशक राकेश गर्ग ने बताया कि सिटी में बसने वाली आबादी के आंतरिक परिवहन के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं जुटाई जाएंगी। इसके अंतर्गत बीआरटी कॉरिडोर का निर्माण होगा। कॉरिडोर बनने के बाद सिटी के प्रत्येक घर से 600 से 800 मीटर की दूरी पर बसें मिलेंगी। यह बसें भी विश्वस्तरीय और आधुनिक सुविधाओं वाली होंगी। इस क्षेत्र में विश्व की तीसरे नंबर की अमेरिकी कंपनी एईकॉम को कॉरिडोर निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सिटी के इंजीनियर अमेरिकी कंपनी के अधिकारियों संग कॉरिडोर निर्माण की प्लानिंग तैयार कर रहे हैं।

क्या है ये बीआरटी कॉरिडोर

सड़क पर बसों के संचालन के लिए विशेष रूप से बनाई जाने वाली लेन को बीआरटी कॉरिडोर कहते हैं। लेन की डिजाइनिंग इस प्रकार होती है कि अन्य ट्रैफिक बसों के संचालन में बाधा नहीं आती।